न्यूज़ीलैंड सरकार का वीज़ा आवेदनों के लिए पीयरसन एकेडमिक स्वीकार

नई दिल्ली। पीयरसन ने आज घोषणा की कि पीयरसन टेस्ट आफ इंग्लिश एकेडमिक को एमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड द्वारा सभी वीज़ा श्रेणियों जिनमें अंग्रेजी भाषा की आवश्यकता है के अंतर्गत अंग्रेजी भाषा प्रवीणता आंकलन के लिए स्वीकृत कर दिया गया है। यह मान्यता 21 नवम्बर से लागू हो गयी। पीटीई एकेडमिक को न्यूज़ीलैंड में सभी विश्वविद्यालयों द्वारा पहले से ही स्वीकार किया जा चुका है और इसका उपयोग व्यापक रूप से स्टूडेंट वीज़ा आवेदनों के लिए किया जा रहा है। इस नए कदम से, न्यूज़ीलैंड के लिए सभी वीज़ा आवेदकों को सरकार द्वारा स्वीकृत अंग्रेजी भाषा जांच विकल्पों में एक और विकल्प मिल जाएगा। पीटीई एकेडमिक एक कम्पयूटर-आधारित भाषा परीक्षा है जो अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों व रोज़गार चाहने वालों को अपनी अंग्रेजी भाषा प्रवीणता को प्रमाणित करने के लिए फास्ट (पांच बिज़नेस दिवसों में परिणाम), फेयर (सटीक कम्पयूटर जांच प्रणाली जिसमें परीक्षक की गलती की कोई संभावना नहीं होती) व फ्लेक्सिबल (वर्ष के 363 दिनों के परीक्षा सैशन) की पेशकश करता है। वैश्विक स्तर पर, पीटीई एकेडमिक को हज़ारों शैक्षिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सभी प्रव्रजन व छात्र वीज़ा आवेदनों के लिए डीआईबीपी द्वारा स्वीकार किया जाता है। यह टेस्ट आस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड व आयरलैंड यूनिवर्सिटियों द्वारा शत प्रतिशत स्वीकार किया जाता है।